तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज बगड़ूराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार लोहावट) **सू.अ.अ. अपील संख्या 236 / 2019**	न0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.01.20	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी बगड़ूराम पुत्र स्व. सज्जूराम विश्नोई निवासी गांव पोस्ट मूलराज, तहसील लोहावट जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 17.10.19 में उसके द्वारा (1) तहसील लोहावट गांव विश्नावास में खसरा संख्या नं. 823 में वक्त सेटलमेंट कितने गैर मुमकिन जमीन थी बीघा बिस्वा व जमाबन्दी नकल नक्शा सहित की प्रमाणित प्रति व अन्य बिन्दु, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लोहावट) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लोहावट) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार लोहावट) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लोहावट) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	